Regarding establishment of National Rural Bank of India in the country

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): देश के 702 जिलों में काम करने वाली 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक जो कि वर्ष 1976 से ग्रामीण भारत में अपनी बैंकिंग सेवाओ का कार्य प्रारंभ किया था जो कि आज देश के 40 करोड़ ग्राहकों के साथ देश की सबसे बड़ी व्यावसायिक संस्था है। आगामी 2 अक्टूबर से ग्रामीण बैंक के स्थापना का 50 वर्ष प्रारंभ होने जा रहा है, ऐसे अवसर पर उपरोक्त बैंको को राज्य स्तरीय ढांचे मे सम्मिलित करते हुए भारतीय राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना की जाए एवं पर्याप्त मैनपावर स्टाफ की भर्ती वेवम टेक्नॉलजी कि सम्पूर्ण सुविधा समान रूप से अन्य बैंक की तरह उपलब्ध कराई जाए ताकि ग्रामीण भारत के 100 करोड़ निवासियों को एक बेहतर बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा सके एवं आर्थिक गति को मूल आधार प्रदान करने का लक्ष्य प्रदान की जा सके ।